आपका बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न (Frequently Asked Questions)

सामुदायिक कार्यनीति योजना *(Community Strategic Plan)* की समीक्षा

समुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) क्या है?

मुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) काउंसिल द्वारा तैयार की जाने वाली उच्चतम स्तर की योजना है। इसका उद्देश्य भविष्य के लिए समुदाय की दीर्घकालिक परिकल्पना और महत्वकांक्षाओं को रेखांकित करना और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्यनीतियों की योजना बनाना है।

City of Parramatta की सामुदाय कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) 2018-2038: Butbuttyurabarrangurra को जून 2018 में काउंसिल द्वारा व्यापक परामर्श और समर्थन के बाद विकसित किया गया था।

"चेक इन" करने और Parramatta के भविष्य के लिए दीर्घकालिक महत्वाकांक्षाओं की पुष्टि करने का समय आ गया है।

सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) पर प्रतिक्रिया कौन प्रदान कर सकता है?

कोई भी व्यक्ति अपनी बात रख सकता है।

मैं अपनी बात कैसे रख सकता/सकती हूं?

वर्तमान में एक ऑनलाइन सर्वेक्षण है, जो X नवंबर 2021 (2 November 2021) तक खुला रहेगा।

मेरी फीडबैक का उपयोग कैसे किया जाएगा?

सर्वेक्षण फीडबैक सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) के समस्त प्रस्तावित अपडेट की सूचना देगा।

इसके बाद क्या होगा?

सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) समस्त प्रस्तावित अपडेट के साथ 2022 की शुरुआत में नई काउंसिल को प्रदान की जाएगी। सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) को टिप्पणी के लिए 28 दिनों के लिए सार्वजनिक प्रदर्शनी में रखा जाएगा। इसके बाद सभी प्रतिक्रियाओं की समीक्षा की जाएगी और समस्त अंतिम संशोधन 30 जून 2022 तक सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) को काउंसिल का समर्थन प्रदान करने के लिए भेजे जाने से पूर्व किए जा सकेंगे।

नया वितरण कार्यक्रम *2022-26 (Delivery Program 2022-26)*

काउंसिल सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) को पूरा करने में किस प्रकार योगदान करती है?

सामुदायिक साझेदारों के साथ, सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) की दीर्घकालिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में काउंसिल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

शहर के लिए लघु, मध्यम और दीर्घकालिक प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए उपलब्ध बजट और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए काउंसिल की भूमिका की सावधानीपूर्वक योजना बनाई जानी चाहिए।

काउंसिल सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) के प्रति अपनी प्रतिक्रिया की योजना एक चार वर्षीय योजना में बनाती है जिसे वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) कहा जाता है।

वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) क्या है?

वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) काउंसिल की समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता है कि वह अपने निर्वाचित कार्यकाल के दौरान क्या प्रदान करेगी। NSW की सभी काउंसिलों के लिए प्रत्येक काउंसिल चुनाव के बाद एक नया चार-वर्षीय वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) विकसित करना आवश्यक है।

वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) के रणनीतिक लक्ष्यों को काउंसिल के कार्यों में बदल देता है। काउंलिस की सभी योजनाओं, परियोजनाओं, गतिविधियों और काउंसिल के धन आवंटन को सीधे वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) से जोड़ा जाना चाहिए।

नए वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) को सूचित करने के लिए मेरी फीडबैक का उपयोग कैसे किया जाएगा?

आपकी फीडबैक का उपयोग काउंसिल के अगले कार्यकाल में वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) की प्राथमिकताओं को सूचित करने के लिए किया जाएगा, ताकि हम शहर को प्रभावित करने वाले कुछ व्यापक और अधिक जटिल मामलों पर कार्य कर सकें।

वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) ऐसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगा जहां काउंसिल का परिणामों पर एक स्तर का नियंत्रण है। काउंसिल की भूमिका इस बात पर निर्भर करती है कि क्या योजना बनाई गई है। इसमें प्रत्यक्ष सेवा वितरण से लेकर काउंसिल के नियंत्रण से बाहर वाले मामलों के लिए भागीदार या अधिवक्ता होना शामिल है।

इसके बाद क्या होगा?

2022 की शुरुआत में शहर की नवनिर्वाचित काउंसिल के साथ एक ड्राफ्ट (मसौदा) वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) विकसित किया जाएगा। वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) को टिप्पणी के लिए 28 दिनों के लिए सार्वजनिक प्रदर्शनी में रखा जाएगा। इसके बाद सभी प्रतिक्रियाओं की समीक्षा की जाएगी, और समस्त अंतिम संशोधन 30 जून 2022 तक वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) को काउंसिल का समर्थन प्रदान करने के लिए भेजे जाने से पूर्व किए जा सकेंगे।

आपका बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न (Frequently Asked Questions)

और अधिक जानकारी के लिए

मैं सामुदायिक कार्यनीति योजना (Community Strategic Plan) और वितरण कार्यक्रम (Delivery Program) के बारे में अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूं?

संपर्क करें

CommunityStrategicPlan@cityofparramatta.nsw.gov.au

यदि मुझे अपनी भाषा में सर्वेक्षण पूरा करने में सहायता चाहिए, तो क्या?

यदि आप नि:शुल्क दुभाषिया सेवा की सहायता से सर्वेक्षण पूरा करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया TIS National Service Centre को 131 450 पर कॉल करें।